हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 जून 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 युक्तियुक्तकरण का विरोध, कांग्रेस ने कोंडागांव ....


13 नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत मुदवेंडी में...





## NEET/JEE के लिए भिलाई सुपर 30 में प्रवेश प्रारंभ-आनंद कुमार

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए एक सुनहरा अवसर है कि सुपर 30 भिलाई में नामांकन टेस्ट प्रारंभ हो गया है। इसमें 30 छात्रों को निःशुल्क NEET व JEE की तैयारी करवाया जाएगा, जिसका चयन प्रक्रिया ऑनलाईन व ऑफ लाइन परिक्षा के माध्यम से होगा। 30 चयनित छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में NEET व JEE का तैयारी करवाया जाएगा इसमें IITians डॉक्टर व एक्सपर्ट शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाएगा, जिसमें 6 घंटो का क्लास प्रत्येक रविवार को NEET व JEE पर आधारित टेस्ट लिया जाएगा।

दिसंबर से सप्ताह में 3 टेस्ट व अप्रैल में प्रत्येक दिन टेस्ट लिया जाएगा। पिछले वर्ष 30 छात्रों में से 16 छात्रों का चयन हुआ, इस वर्ष 22 से अधिक छात्रों का चयनित होने की संभावना है। यह संस्था पूरे



भारतवर्ष में एकलौती संस्था है। एक नही तीन बार शत प्रतिशत छात्र चयनित हुए है। इसमें सभी वर्ग के लोग आवेदन कर सकते है। यह परिक्षा 12 व 13 जून को ऑनलाईन व ऑफलाइन होगा व परिणाम 14 जून को घोषित होगा।

इस तैयारी का मुख्य उद्देश्य ऐसे छात्रो का चयन करवाना है जो पैसो के आभाव में डॉक्टर व इंजीनियर बनने का अपना सपना पूरा नही कर पाते। यह एक समजिक पहल है, जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए वरदान साबित होगा, क्योंकि सुपर 30 से कई बार पूरे के पूरे छात्र चयनित हुए है। अब आनंद सर के मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ वासियों को यह सुविधा मिल रहा है **अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 9243226707, 9202581591, 7415295273 पर संपर्क कर सकते हैं।**

ADVT.


## खबर संक्षेप

### ओवरटेक करते ही ट्रक से टकराई बाइक पति की मौत, पत्नी व बच्ची गंभीर



**जगदलपुर।** नगरनार थाना क्षेत्र स्थित ग्राम सेमरा हाईवे के करीब बुधवार शाम हुए सड़क हादसे में बाईक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं हादसे में बाइक में सवार पत्नी व बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की खबर लगते ही मौके पर पहुंची नगरनार पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से डिमरापाल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक ओडिशा के नवरंगपुर जिला कोसागुमडा थाना क्षेत्र के ग्राम आवरी निवासी गुड्डु धुरवा 30 वर्ष अपनी पत्नी रायबती 27 वर्ष व ढाई वर्ष की बच्ची के साथ जगदलपुर काम से आया हुआ था। काम समाप्त होने के बाद तीनों अपनी बाइक से वापस ओडिशा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान हाईवे स्थित ग्राम सेमरा के करीब एक कार को ओवरटेक करते हुए बाईक जैसे ही आगे बढ़ी सामने से आ रही ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाईक सवार गुड्डु की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायल पत्नी व बच्ची को एम्बुलेस से उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया गया। नगरनार टीआई संतोष सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी लगते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को मेकाज रवाना किया गया। वहीं ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीपी 7333 को जब्त कर थाने लाया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार शेष पेज 12 पर

# दो दशकों से बंद पड़े स्कूलों का पुनः संचालन, 76 स्कूलों में पहली बार नियमित शिक्षक

## युक्तियुक्तकरण के पश्चात जिले में अब एक भी स्कूल शिक्षकविहीन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से काउंसलिंग पश्चात 78 शिक्षकविहीन स्कूलों में पदस्थापना कर शिक्षकों की पूर्ति की गई है। जिले में इस पदस्थापना के बाद कोई भी स्कूल शिक्षकविहीन नहीं हैं। इसी तरह एक हाईस्कूल जहां व्याख्याता के सभी पद रिक्त थे। वहां हिन्दी एवं सामाजिक अध्ययन के व्याख्याताओं की पूर्ति की गई है। जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप किया गया। जिले में 198 शिक्षक अतिशेष पाये गए जिनमें सहायक शिक्षक 104, प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला 13, शिक्षक 45, प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला 31 और व्याख्याता के 5 पद शामिल हैं। इन अतिशेष शिक्षकों मे से 189 शिक्षकों की पस्थापना शिक्षकविहीन एकल शिक्षकीय एवं आवश्यकता वाले संस्थाओं में कांउसलिंग के उपरांत की गई।

नई पदस्थापना आदेश के तहत 82 शिक्षकों को शिक्षक विहीन शालाओं में 44 शिक्षकों को एकल शिक्षकीय शालाओं में और 63 शिक्षको को सामान्य संस्थाओं में पदस्थापना किया गया। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के बाद जिले में अब भी सहायक शिक्षक के 336, प्रधानअध्यापक प्राथमिक शाला के 76, शिक्षक के 15 और व्याख्याता के 138 कुल 565 पद रिक्त रहेंगे।




### 76 स्कूलों को पहली बार मिले नियमित शिक्षक

दो दशकों से बंद पड़े स्कूलों के पुनः संचालन पश्चात 76 स्कूलों को पहली बार नियमित शिक्षक युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के पश्चात मिल पाये। अतिसंवेदनशील एवं दूर्गम क्षेत्र गुंडापुर , मुदवेंडी, हिरमगुंडा, बोटेतोंग, गुन्जेपरती, जीड़पल्ली, मुरकीपाड़ जैसे 76 स्थानों पर पदस्थापना किए जाने से दो दशको बाद इन स्थानों पर शिक्षको की आवाजाही फिर से शुरू हो सकेगी जिससे इन क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पाएगी।

## अच्छी खबर : प्रतियोगिता के तीसरे दिन छत्तीसगढ़ को एक स्वर्ण, 5 रजत सहित 6 पदक

यूएमएआई राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप

# बस्तर की आरवी ने स्वर्ण जीत छग के पदकों का खाता खोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

रायपुर की ऐशिनी और नित्यम, बस्तर की अन्वी और वेदांशी तथा बालोद की हिमानी ने भी रजत पदक जीता। एशियन यूथ ओलंपिक बहरीन में म्यू थाई खेल के रूप में शामिल होने की घोषणा होने पर म्यू थाई खिलाड़ियों में अतिरिक्त उत्साह। छग के शेष खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल या सेमीफाइनल में पहुँचे। 29 राज्यों के लगभग 1150 खिलाड़ी भाग ले रहे है। 6 यूएमएआई राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप 14 जून रोहतक हरियाणा में छग का 60 सदस्यीय दल 51 खिलाड़ी, 9 अधिकारी भाग ले रहा है। यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वावधान में हरियाणा स्पोर्ट्स म्यू थाई एसोसिएशन के द्वारा राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन 14 जून तक महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के इंडोर स्टेडियम, रोहतक (हरियाणा) में किया जा रहा है। प्रतियागिता के प्रथम दिन आगंतुकों का पंजीयन, खिलाड़ियों का मेडिकल हुआ। द्वितीय दिन खिलाड़ियों का वजन, टाई शीट बनाने के अलावा उदघाटन समारोह हुआ, जिसके मुख्य अतिथि भारतीय ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक मंजीत सिंह (उपाध्यक्ष हरियाणा ओलंपिक संघ, डिप्टी डायरेक्टर विजिलेंस हरियाणा शासन) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूएमएआई के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने की। उदघाटन समारोह में छत्तीसगढ़ म्यूथाई संघ के महासचिव अनीस मेमन के अलावा निर्णायक मण्डल के अमन यादव, प्रणव शंकर साहू और कु. हरबंश कौर को हरियाणा की लोक परंपरा अनुसार पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 29 राज्यों के लगभग 1150 खिलाड़ी, अधिकारी भाग ले रहे है।



### क्वार्टर, सेमी फायनल में पहुंचे खिलाड़ी



*11 जून को सब जूनियर वर्ग के मुकाबले प्रारम्भ हुए, जिसमें जगदलपुर बस्तर की आरवी अवस्थी ने फाइनल में असम के खिलाड़ी को परास्त कर स्वर्ण जीत कर छग के पदकों का खाता खोला। वहीं रायपुर की बालिका खिलाड़ी कु. ऐशिनी वर्मा और नित्यम साहू, बस्तर की अन्वी जैन और वेदांशी ठाकुर तथा बालोद की हिमानी डरसेना ने फाइनल में परास्त होने के पश्चात रजत पदक जीता। छग के पदको की संख्या 6 पहुंचाई। छग के अन्य सभी खिलाड़ी प्री क्वार्टर फाइनल, क्वार्टर फाइनल या सेमी फाइनल में है।*

## नक्सलियों के शहरी नेटवर्क का भंडाफोड़, सप्लायर विस्फोटक के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नारायणपुर पुलिस नक्सलियों के शहरी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए नक्सलियों को सामान सप्लाई करने वाले सप्लायर को हथियार व विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया है। नारायणपुर थाना क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नक्सलियों को अवैध हथियार, कारतूस, गोला-बारूद तथा अन्य सामान सप्लाई करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी की जा रही थी। इसी तारतम्य में मुखबिर की सूचना के आधार पर नाकाबंदी शेष पेज 12 पर



### अन्य व्यक्तियों की पहचान के लिए आगे की जांच जारी है

आरोपी प्रकाश सोनी ने बताया कि वह पिछले चार पांच साल से लगातार नक्सलियों के संपर्क में रहा है और नक्सलियों को भारी मात्रा में बंदूक की गोली, विस्फोटक सामग्री व नक्सली सामग्री अवैध रूप से खरीदकर नारायणपुर में लाकर नक्सलियों को दिया करता था। मामले में कई नक्सलियों के साथ अन्य आरोपियों के नाम का खुलासा भी किया गया है। आरोपी के द्वारा नक्सलियों को हथियार के कारतूस व अन्य नक्सली सामग्री सप्लाई करने में सहयोग करने वाले कई और लोगों के नामों का खुलासा किया गया है, जिनकी तलाश और नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान के लिए आगे की जांच जारी है।

सर्व आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## बस्तर संभाग की शिक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



बस्तर संभाग के सातों जिलों में स्कूली शिक्षा व्यवस्था की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है तथा राज्य शासन द्वारा युक्तियुक्त करण के कारण यह स्थिति और ज्यादा चिंताजनक एवं भयावह हो गई है। इस पर बस्तर संभाग के सर्व आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। 9 मांगों का निराकरण समय पर नहीं किया जाता है तो आने वाले समय में समाज प्रत्येक गांव जिलों विकासखंड में जन जागरुकता का अभियान के साथ ही साथ समग्र जन आंदोलन चलाया जाएगा। समाज के अध्यक्ष गंगा नाग आदि ने ज्ञापन में बताया कि बस्तर संभाग में युक्तियुक्त करण के तहत बंद किए जा रहे शेष पेज 12 पर

हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट नहीं लगाने पर आरटीओ ने वाहनों पर की कार्रवाई

## 16 वाहनों पर नहीं लगा था एचएसआरपी 14200 रुपए का किया गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि एक अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एचएसआरपी लगवाना अब अनिवार्य है। इस नियम का पालन न करने वाले वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि वाहन मालिकों को एचएसआरपी लगवाने के लिए चार महीने की समय-सीमा दी गई थी, जो अब समाप्त हो चुकी है। अब बिना एचएसआरपी वाले वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना या कानूनी कार्रवाई हो रही है। इसके तहत संभाग के विभिन्न सड़कों में वाहनों की जांच में 16 वाहन पर सख्त कार्रवाई कर 14 हजार 200 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया, यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। वाहन स्वामी एचएसआरपी के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार के अधिकृत पोर्टल पर वाहन संख्या, चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पता, मोबाइल नंबर और ईंधन प्रकार जैसी जानकारी दर्ज करनी होगी। इसके बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करके शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। भुगतान शेष पेज 12 पर



## एक वर्ष पूर्व प्रस्ताव पर सड़क का चौड़ीकरण नहीं, लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- नयापारा सड़क में दिनभर में रहता है वीआईपी का आना-जाना
- सिंगल सड़क में आए दिन दुर्घटनाएं

बस्तर संभागीय मुख्यालय की नयापारा सड़क की मुसीबत शहर के लोग हर दिन झेल रहे हैं। हर दिन आने-जाने के दौरान परेशान होते हैं, जबकि इस सड़क का 2.90 करोड़ रुपए की लागत से चौड़ीकरण करना था। इसका प्रस्ताव क्षेत्रीय विधायक एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने एक वर्ष पूर्व भेजा गया था, लेकिन आज तक इसकी स्वीकृति नहीं मिली7 जिससे आज तक सड़क का चौड़ीकरण नहीं हुआ। बस्तर हाईस्कूल से कोर्ट तक सड़क में 24 घंटे पैदल, सायकिल, मोटर सायकिल, चार पहिया वाहनों का आवगमन रहता है। सड़क सिंगल होने के चलते कई बार जाम होने की स्थिति होती रहती है। यह ऐसा पेच है, जहां हमेशा शहर के लोगों की ट्रैफिक जाम से निकलने में सांसें फूलती हैं। इसी सड़क में क्षेत्रीय विधायक एवं शेष पेज 12 पर

### आने वाले 20-25 वर्ष को ध्यान में रखते हुए होगा चौड़ीकरण: पार्षद

मोतीलाल नेहरू वार्ड के पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि उनके वार्ड क्षेत्र में आने वाला नयापारा मुख्य मार्ग अत्यंत व्यस्ततम मार्ग है। इस प्रमुख सड़क से रोजाना आधा जगदलपुर गुजरता है। आने वाले 20-25 वर्ष को ध्यान रखते हुए नयापारा मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण किया जाना प्रस्तावित है। कांग्रेस शासन काल में इस मुख्य सड़क की चौड़ीकरण कार्ययोजना को राजनीतिक पूर्वाग्रह से बार-बार बाधित किया गया। भाजपा के क्षेत्रीय विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने अविलंब सार्थक पहल करते हुए नयापारा मुख्य मार्ग चौड़ीकरण कार्य को बजट में शामिल कराया है। यथाशीघ्र नयापारा मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण कार्य प्रगति पर आएगा।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में प्रतापदेव वार्ड 11 में समिति ने रोपे पौधे

# पौधारोपण करने के साथ उनका संरक्षण भी आवश्यक : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर के प्रताप देव वार्ड-11 में इंद्रावती बचाओ अभियान समिति के सहयोग से आज आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम में शामिल हो कर सांसद महेश कश्यप ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। शहरवासियों के साथ बस्तर सांसद ने वार्ड में स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप पौधरोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया है।प्रताप वार्ड में स्थित कंक्रीट वाले क्षेत्रों पर पौधारोपण किया जा रहा यह पहला प्रयास है जहां पर कंक्रीट को हटाकर विभिन्न प्रकार के फलदार एवं फूलदार पौधारोपण किए जा रहे है। किसी भी विशेष अवसर पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। सिर्फ विश्व पर्यावरण दिवस पर ही नहीं बल्कि शुभ अवसरों पर भी पौधरोपण जरूर करें और उसके संरक्षण का कार्य भी करें। पेड़-पौधों का भी अपना परिवार है। इनकी रक्षा करना हमारा दायित्व है। मौजूदा दौर में पौधरोपण की अधिकाधिक जरूरत महसूस की जा रही है। पौधरोपण के जरिए ही हम पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। इसी से पर्यावरण की शुद्धि बनी रह सकेगी। इस अवसर पर संपत झा, शिरीष मिश्रा, सूरज मिश्रा, पार्षद उमा मिश्रा, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, उप मंडलाधिकारी चित्रकोट योगेश रात्रे, वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र वर्मा ,जयराज पात्र, गोपाल नाग, कृष्णा दुबे, सत्यजीत भट्ट,शशांक श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित रहे ।




### जन्मदिन व विवाह की वर्षगांठ पर लगाएं पौधे

सांसद कश्यप ने कहा कि किसी विशेष अवसर जैसे अपने जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ आदि पर भी पौधारोपण कर सकते हैं। इस समय हमारा पर्यावरण दूषित हो रहा है। यदि हमने पौधे नहीं लगाए व उनका ध्यान नहीं रखा तो आने वाले समय में हमें आक्सीजन की कमी एवं अनेक बीमारियों से ग्रसित होना पड़ेगा। इस मुहिम में सभी क्षेत्रवासियों को बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले कर वातावरण को शुद्ध रखने के लिए सहयोग प्रदान करना होगा।

## खबर संक्षेप



### पूर्व जनपद सभापति ने बीपी जांचने की मशीन भेंट की

**अंवरी।** पूर्व जनपद सभापति श्रीमती परमेश्वरी साहू ने जोरातराई (अं) में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति, मितानिनों को बीपी चेक करने की मशीन भेंट की। ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण समिति ने ग्रामीणों को बरसात से पहले गांव की पानी टंकी, नाली की सफाई करने, छोटे-बड़े गड्ढे को पाटना, गांव में पेड़ लगाना, मलेरिया के बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करना, फुल पैंट, फुल शर्ट कपड़ों का उपयोग करना, बरसात के दिनों में छत पर कूलर, मटका में पानी नहीं रखने और जहां भी पानी जमा होता है वहां मिट्टीतेल या जले हुए आयल डालने के बारे में जानकारी दी। मौके पर पूर्व जनपद सभापति श्रीमती परमेश्वरी साहू, उपसरपंच ईश्वर निषाद, एमटी अन्नपूर्णा साहू, मितानिन ललित साहू, निर्मला निषाद, राधा पाल, भुनेश्वरी साहू, तामेश्वरी साहू, तुलेश्वरी साहू, उर्मिला कुर्रे, काजल साहू, नंदिनी साहू, भिनेश्वरी निषाद, किरण साहू एवं समिति के सदस्य मौजूद थे।

### सुखराम नागे कॉलेज में हुई निबंध स्पर्धा



**नगरी।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं आदिवासी विभाग धमतरी के निर्देशानुसार शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में 6 जून को मां अभियान के तहत महानदी उत्थान एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मां महानदी की सांस्कृतिक आर्थिक पारिस्थितिकीय महत्ता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। निबंध के माध्यम से विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि नदी केवल जल का स्त्रेत नहीं बल्कि हमारे सामाजिक धार्मिक जीवन का अभिन्न अंग है जिसकी रक्षा हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में उपेंद्र वर्मा प्रभारी मंडल संयोजक, स्कंध ध्रुव नोडल अधिकारी, चंद्रभान साहू अधीक्षक, मनोज बैस अधीक्षक, श्री साहू आईटीआई नगरी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में प्रो. आरआर मेहरा, डॉ. दीपा देवागंन, सौरभ पाण्डेय का प्रमुख योगदान रहा। निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ निबंध का चयन कर प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा।

# प्रदेश की भाजपा सरकार साफ नीयत से कर रही कार्य: श्रीनिवास

## छत्तीसगढ़ राज्य बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष मद्दी के शहर आगमन पर भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर संभाग के वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास राव मद्दी के राज्य बेवरेज कॉरपोरेशन अध्यक्ष बनने के नियुक्त किए जाने के बाद पहली बार कोण्डागांव आगमन पर उनका 11 जून को न्यू सर्किट हाउस में जोरदार स्वागत किया गया। पुष्पगुच्छ, आतिशबाजी और कार्यकर्ताओं की गूंजती जयघोष के बीच उनका अभिनंदन भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। स्वागत उपरांत आयोजित लघु बैठक में श्रीनिवास राव मद्दी ने भाजपा सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर कार्यकर्ताओं के साथ विचार–विमर्श किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में बेवरेज कॉरपोरेशन भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। जिसे अब सुधारते हुए एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि बेवरेज कॉरपोरेशन की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए अधिकारियों के साथ संवाद की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता के कोण्डागांव आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया।



**ये रहे उपस्थित**

बैठक के दौरान उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक मजबूती और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान भी किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष दिपेश अरोरा ,प्रदेश कार्यसमिति सदसय मनोज जैन, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, गोपाल दीक्षित ओम प्रकाश टावरी सहित भाजपा के जिलापदद्दाधिकारी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रशासन के बैरिकेड्स को तोड़कर किया प्रदर्शन, राज्य सरकार 45 हजार पदों को कर रही समाप्त

# युक्तियुक्तकरण का विरोध, कांग्रेस ने कोंडागांव बीईओ कार्यालय घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

झीरम कांड में शहीद विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि मनाने के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने स्कूल शिक्षा के युक्तियुक्तकरण के विरोध में कोंडागांव बीईओ कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस भवन से निकली रैली ने बस स्टैंड होते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर मार्च किया। प्रशासन द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को तोड़कर प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर किया गया।

कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रदेश सरकार 10,463 स्कूलों बस्तर संभाग में 1163 और कोंडागांव जिले में 397 को बंद करने का निर्णय ले चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने चुनाव के दौरान 35,000 शिक्षकों के पद भरने का वादा किया था। लेकिन अब युक्तियुक्तकरण के नाम पर 45,000 शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है, जिससे हजारों प्यून, रसोइया और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बेरोजगार हो जाएंगी। कांग्रेस ने इसे शिक्षा की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ और आदिवासी बच्चों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाला कदम बताया। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर रोजगार विरोधी नीति अपनाने, स्थानीय भर्ती को चुनावी स्टंट बनाने और शराब दुकानों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया, जबकि युवा नशे और चाकूबाजी में उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद सभी विकास कार्य बंद हो गए हैं। कांग्रेस ने यह भी कहा कि सरकार ने आनन–फानन में 8 जून से पहले यह प्रक्रिया पूरी की, ताकि कोई कोर्ट न जा सके। उन्होंने शिक्षकों को ट्रांसफर नीति से भी दूर रखने की आलोचना की। कांग्रेस ने इस नीति का पुरजोर विरोध करते हुए चेतावनी दी कि यह तो शुरुआत है, जल्द ही संपूर्ण प्रदेश के बीईओ कार्यालयों का घेराव और शिक्षा न्याय यात्र निकाली जाएगी, जिसमें बंद स्कूलों के सामने भी प्रदर्शन किया जाएगा।



**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कार्यक्रम प्रभारी झुमुकलाल दीवान, जिला महामंत्री द्वय गीतेश गाँधी, रितेश पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन, शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा, शहर महिला अध्यक्ष श्रीमती हेमा देवांगन, प्रदेश सचिव सकुर खान, पूर्व नपा अध्यक्ष वर्षा यादव, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष भगवती पटेल, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, संजय करन, नंदू दीवान, ब्रिज सोढ़ी, लखमू कोर्राम, निमेंद्र दीवान, देवेंद्र कोर्राम, जनपद सदस्य अनिल कोर्राम, रामनाथ नाग, जयराम मरकाम, गंगा राम नेताम, लक्ष्मण पांडे, कार्तिक पोयाम, सहदेव पोयाम, सालिक बघेल, घुड़न पोयाम, जितेंद्र दुबे, सेवक दीवान, धनसू नेताम, गनु पोयाम, रुपेश गोस्वामी, हीरा दीवान, सुनील रैकवार, गुणमती नायक, किशोर ध्रुव, नियाज खान, सुनील निर्मलकर, नीलू देवांगन, प्रीति भदौरिया, अंजू जोशी, धनाजी नेताम, बालसू नेताम, घसिया पोयाम, गीतेश बघेल सहित भारी संख्या मे कांग्रेसजन एवं छात्र पालक मौजूद रहे।



## कांग्रेसियों ने फरसगांव में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का किया घेराव



■ युक्तियुक्तकरण के विरोध में निकाली रैली

**फरसगांव।** भाजपा सरकार द्वारा किये गये स्कूल एवं शिक्षकों के युक्तियुक्त करण के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फरसगांव अध्यक्ष दिनेश जायसवाल एवं युवा कांग्रेस अध्यक्ष जयलाल नाग के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेसियों ने फरसगांव नगर में रैली निकलकर फरसगांव के खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किए और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा । इस दौरान ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष जयलाल नाग ने कहा कि जिस तरह सरकार ने 45000 नई भर्ती का वादा किया था लेकिन यह युक्तिकरण कर शिक्षकों के पद को समाप्त कर रही है। जिसका असर बच्चों के पढ़ाई एवं शिक्षकों के भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, जिस तरह सरकार की योजनाएं चल रही है। उसे देखते हुए बच्चों के पढ़ाई के साथ साथ माता पिता को भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। शाला प्रवेश को लेके आना जाना बच्चों के छोटे मोटे कामों के लिए आना जाना जिस तरह बच्चों को प्रभाव पड़ेगा। उसी तरह वहां की स्व समूह सहायता चलाने वाली महिलाओं और वहां के स्वीपर एवं चपरासी के रोजी रोटी पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। अगर सरकार इस योजना को बंद नहीं करेंगी तो आगे चल के उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी रवि घोष , जनपद सदस्य विक्की दास, शीशकुमारी चनाप, बुधसन मरापी,प्रहलाद कुंजाम, तीजू मंडावी, सोमनाथ पोटाई, दुलम नाग, रीता गौतम, सुशीला नेताम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विद्यार्थी अपनी चमक से समाज की शोभा बढ़ाएं : अवनेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी द्वारा एक मई से चलाया जा रहा निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर का 7 जून को समापन हुआ। मुख्य अतिथि अवनेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी ने विद्यार्थियों को नायाब हीरा के रूप में बताकर हीरे में खरोंच न आने देना व अपनी चमक से समाज की शोभा बढ़ाने की बात कही। श्री साहू ने कहा कि आपको हमारे शिक्षकों ने तराशा है। आपको शिक्षा के साथ संस्कार, सदाचार , जीवन कौशल और करियर में आगे बढ़ना सिखाया गया जिसका निर्वहन सबको करना है। विशिष्ट अतिथि गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद ने विद्यार्थियों से कहा कि आपको शिक्षित होकर हुनरमंद होकर स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनना है। आप सभी सौभाग्यशाली है जो आपको यहां खाली समय में सीखने के लिए बहुत अच्छा माहौल मिला। इस अवसर पर दयालुराम साहू शिक्षक, अनिल राव सरपंच, पोषण साहू, दुलार सिन्हा, भोलाराम साहू, दानीराम साहू, चित्रसेन साहू, अशोक साहू आदि मौजूद थे।

**सभी शिक्षकों व प्रबोधकों का हुआ सम्मान**

इस निःशुल्क शिविर में अपना समय देकर निःशुल्क एवं निः स्वार्थ भाव से विद्यार्थियों को विषयगत ज्ञान के साथ साथ संस्कार, नैतिक शिक्षा, देश धर्म अध्यात्म, कानून, जीवन विद्या, स्वास्थ्य, स्वस्थ जीवन शैली, भारतीय संस्कृति, प्रतियोगिता परीक्षा पर व करियर संबंधी मार्गदर्शन करने वाले सभी लोगों को प्रतीक चिन्ह, श्रीफल सम्मान पत्र देकर व 110 विद्यार्थियों को भी हनुमान चालीसा ग्रन्थ व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पुरानी किस्म के स्थान पर नई किस्म को प्रमोट करने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



■ कृषि उत्पादन आयुक्त ने किया मरौद के बीज प्रक्रिया केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने मरौद के बीज प्रक्रिया केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने बीज प्रक्रिया केन्द्र में चालू खरीफ मौसम के लिए धान, दलहन आदि बीजों की उपलब्धता की जानकारी केन्द्र प्रभारी से ली। श्रीमती निगार ने पिछले दस वर्षों से लगाई जा रही धान की किस्मों के स्थान पर नई किस्मों को प्रमोट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मरौद बीज प्रक्रिया केन्द्र में वर्तमान में एमटीयू 1010, एमटीयू 1156, महामाया, विक्रम पीसीआर, एमटीयू 1318, स्वर्णा किस्म के धान के बीज लगभग 11 सौ क्विंटल उपलब्ध हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त ने इन किस्मों के आधार बीजों को जिले में बीज उत्पादन कार्यक्रम के लिए उपयोग करने के निर्देश दिए।

श्रीमती निगार ने कहा कि पुरानी किस्म के स्थान पर नई किस्म को प्रमोट करने के लिए बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक रकबे में नई किस्मों को ही लगाया जाए, ताकि उनका बीज तैयार हो सके और उसके किसानों को उपलब्ध कराया जा सके। श्रीमती निगार ने बीज उत्पादन कार्यक्रम में गंभीरता से काम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान संयुक्त संचालक गयाराम, उप संचालक मोनेश साहू सहित प्रक्रिया केन्द्र प्रभारी श्री दोहरे और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कृषि उत्पादन आयुक्त ने चालू खरीफ सीजन में बीज उत्पादन कार्यक्रम के लिए नई किस्मों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एपीसी ने कहा कि एक ही तरह की फसलों को लगातार बोने से कीट व्याधि की समस्या बढ़ जाती है। साथ ही उत्पादन भी कम होता है। इसके साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति भी कम होती जाती है। एपीसी ने इन समस्याओं से निपटने के लिए ज्यादा से ज्यादा नई किस्मों की खेती कराने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने चालू खरीफ मौसम के लिए बीजों का समय पर उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

## बगदेही में शराबबंदी की पहल महिला कमांडो की हुई तैनाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद



कुरूद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बगदेही में शराब और उससे जुड़ी सामाजिक बुराइयों से मुक्त कराने के उद्देश्य से ग्रामीण एवं पंचायत स्तर पर एक महिला कमांडो दल का गठन किया गया है। इस दल की अध्यक्ष गणिता विश्वकर्मा और उपाध्यक्ष सतरूपा विश्वकर्मा, हेमिन बाई यादव को बनाया गया है। यह पहल ग्राम सरपंच अनसुईया बाई ध्रुव एवं उपसरपंच संगीता बाई यादव एवं मीडिया प्रभारी करुणा दानी के नेतृत्व में की गई है। इस मुहिम में ग्रामीण उपाध्यक्ष नोहर साहू, नरसिंग साहू, सचिव विष्णु विश्वकर्मा, दीपक यादव, कोषाध्यक्ष चोवाराम साहू, गिरधारी साहू, सलाहकार उत्तम मंडावी और ग्राम की मितानिनों की सक्रिय भूमिका रही है। महिलाएं गांव में घर-घर जाकर शराब बेचने और पीने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सामाजिक दबाव बनाएंगी। महिला कमांडो दल 10 जून से गांव में सक्रिय हो गया है और शराब के खिलाफ सघन अभियान शुरू कर दिया गया है। सरपंच अनसुईया ध्रुव ने बताया कि बगदेही गांव में शराब बेचने और छोटी दुकानों में डिस्पोजल पानी पाउच व शराब का सेवन बच्चों एवं युवाओं के साथ-साथ विवाहित पुरुषों में भी लगातार बढ़ रहा है। इसका सीधा असर पारिवारिक माहौल पर पड़ रहा है।

वन क्षेत्र होने के कारण रेत की आपूर्ति में आ रही कठिनाई, हितग्राही परेशान

# रेत की कमी से गाताबाहरा में जनमन आवास योजना के अधिकांश मकान अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी





नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत खल्लारी अंतर्गत आश्रित ग्राम गाताबाहरा में जनमन आवास योजना के तहत स्वीकृत मकानों का निर्माण रुक गया है। निर्माण कार्य अधूरा छूटने का सबसे बड़ा कारण क्षेत्र में रेत की अनुपलब्धता है। ग्रामवासी शासन की योजना से वंचित हो रहे हैं, वहीं जिम्मेदार अधिकारी भी सीमित संसाधनों के कारण हाथ बांधे खड़े हैं। ग्राम गाताबहरा जो सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र में आता है, पंचायत मुख्यालय से 3 किलोमीटर और विकासखंड मुख्यालय नगरी से 32 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वन क्षेत्र आने के कारण यहां निर्माण सामग्री विशेषकर रेत की आपूर्ति में कठिनाई बनी हुई है।जनमन आवास योजना के अंतर्गत ग्राम के चार कमार परिवारों को मकान निर्माण की स्वीकृति मिली है, जिनमें से एक हितग्राही समारू राम का मकान पूर्ण हो चुका है। जबकि सोनाई बाई चंदर सिंह का आवास लेंटर स्तर पर अटक गया है। मैना बाई और राज बाई के मकानों का निर्माण अभी तक प्रारंभ ही नहीं हो पाया है। सीईओ जनपद पंचायत नगरी ने स्वीकारा कि गाताबाहरा में जनमन आवास योजना के अधिकांश मकान अधूरे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण रेत की अनुपलब्धता है। अभ्यारण्य क्षेत्र में वन नियमों के तहत निर्माण कार्य हेतु रेत लाने की अनुमति नहीं मिल पाती, जिससे कार्य बाधित हो रहा है। 8 जून को ग्रामवासी श्रीमती सोनाई बाई द्वारा आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया, लेकिन कुछ ही घंटों में रेत समाप्त हो जाने के कारण निर्माण रुक गया। सुबह 11:30 बजे के आसपास कार्य बाधित हो गया और मजदूरों को वापस भेजना पड़ा। इस संबंध में हमारे संवाददाता ने वन परिक्षेत्राधिकारी से मोबाइल से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन कोई बात नहीं हो पाई। ग्रामवासियों का कहना है कि जब तक रेत की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होती, तब तक आवास निर्माण अधर में ही रहेगा। हितग्राहियों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें रेत उपलब्ध कराई जाए या फिर ऐसे वैकल्पिक उपाय किए जाए जिससे कि आवास योजना का लाभ समय पर उन्हें मिल सके।

## पेज 11 के शेष

### नक्सलियों के शहरी ...

करके एक संदेही व्यक्ति को नारायणपुर-कुतुल मार्ग से हिरासत में लिया है। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रकाश सोनी 27 वर्ष निवासी बखरूपारा नारायणपुर का होना बताया है। संदेही के कब्जे से स्कूटी में रखा कॉर्डेक्स वायर लगभग 3 मीटर, बिजली तार, स्कैनर, वॉकी टॉकी, 20 जिंदा राउंड, 3 नग डेटोनेटर बरामद किया है, जिसे उसने नक्सलियों को सप्लाई देने के लिए रखा होना बताया। आरोपी सप्लायर के खिलाफ नारायणपुर थाना में धारा- 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। गौरतलब है कि एसपी नारायणपुर द्वारा नक्सलियों के शहरी नेटवर्क का पता लगाने विशेष टीम गठित किया गया था। पुलिस अन्य संभावित लिंक और सहयोगियों की जानकारी एकत्र कर रही है, जिससे इस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके। आरोपियों द्वारा शहरी क्षेत्र में रहकर आम जनता, सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सली संगठन को भारी मात्रा में बंदूक के गोली, विस्फोटक सामग्री व नक्सली सामग्री सप्लाई करने के जुर्म में आरोपी प्रकाश सोनी को गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

### ओवरटेक करते ...

को ओवरटेक कर रहा बाईक चालक सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक को देख नहीं सका जिसके चलते बाईक ट्रक से टकरा गई और हादसे में बाईक सवार को जान गवानी पड़ी। बहरहाल नगरनार पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है। हादसे में घायल महिला व बच्ची की हालत भी गंभीर बताई जा रही है जिनका उपचार जारी है।

### बस्तर संभाग की ...

प्राथमिक स्कूलों को बंद न करते हुए यु-डाइस कोड सहित पुनः यथावत संचालित किया जावें। पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर स्थानीय भर्ती हेतु जनजाति सलाहकार परिषद के द्वारा निर्णय करते हुए विधिक रूप से अनुसूचित क्षेत्र सेवा भर्ती नियम विधान सभा में पारित करते हुए प्रारम्भकिया जाए। बस्तर संभाग के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में मातृभाषा (गोंडी, हल्बी, घुरवी, भतरी, दोरला) में शिक्षा प्रदान किया जाए एवं इसके लिए गोंडी, हल्बी, घुरवी, भतरी, दोरला भाषी शिक्षकों की भर्ती किया जाए। प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में 2008 की सेटअप का ही पालन किया जाए या शिक्षकों को विद्या अध्यापन के अतिरिक्त किसी भी तरह का कार्य न लिया जाए। सुकमा, दंतेवाड़ा नारायणपुर एवं बीजापुर में संचालित पोटाकेबिन में अतिशेष हो रहे शिक्षक, व्याख्यातों को विषय एवं बच्चों के दर्ज संख्या अनुसार पदस्थ किया जाए। बस्तर संभाग में शिक्षा विभाग में शिक्षा की गुणवत्ता एवं उससे संबंधित रिपोर्ट, आंकलन हेतु गैर सरकारी संगठन से कार्य करवाया जा रहा है इनके द्वारा वास्ताविकता से परे रिपोर्ट बना कर गुमराह किया जा रहा है, सभी एनजीओ से कार्य लेना तत्काल बंद किया जाए। वरिष्ठ शिक्षकों को तत्काल पदोन्नत किया जाए एवं सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश एक मई 2023 एवं 24 फरवरी 2025 के अनसार पदोन्नति प्रदान किया जाए।

### 16 वाहनों पर नहीं ...

के बाद एक रसीद जारी होगी और नंबर प्लेट तैयार होने पर वाहन स्वामी को मोबाइल पर सूचना दी जाएगी। फिर वे अधिकृत डीलर से प्लेट लगवा सकते हैं। एचएसआरपी में एक विशिष्ट लेजर कोड और छेड़छाड़-रोधी लॉकिंग सिस्टम होता है, जो वाहन की पहचान को सुरक्षित रखता है और चोरी या फर्जी पहचान के मामलों को रोकने में मदद करता है। संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाएं, अन्यथा सख्ती कार्रवाई की जाएग्गी।

### एक वर्ष पूर्व ...

भाजपा अध्यक्ष का सरकारी निवास और कार्यालय भी स्थित है, जिससे वीआईपी काफिला इसी रास्ते से होकर निकलता है। लोक निर्माण विभाग जगदलपुर संभाग क्रमांक-एक के एसडीओ आरएन सिन्हा ने इस संबंध में बताया कि नयापारा सड़क के चौड़ीकरण के लिए स्वीकृति नहीं मिली। स्वीकृत होने के बाद चौड़ीकरण किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पॉलीटेक्निक संस्था में प्रवेश 15 तक

जगदलपुर। बस्तर जिला में स्थित धरमु माहरा शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक धरमपुरा जगदलपुर में संचालित त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यकमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण की काउनसिलिंग में 11 से 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। बस्तर अंचल की छात्राऐं संस्था में संचालित 4 डिव्लोमा पाठ्यक्रम एमओएम (मार्डन आफिस मैनेजमेंट), ईटीई (इलेक्ट्रनिक्स टेलीकम्युनिकेशन), सीडीडीएम (कास्ट्यूम डिजाईन ड्रेस मेकिंग) एवं आईटी (इनफारमेशन टेक्नालॉजी), जिसमें प्रवेश हेतु पात्रता एमओएम (12 वीं पास), ईटीई, सीडीडीएम, आईटी (10 वीं पास) उत्तीर्ण है। ऑन लाईन आवेदन स्वयं, किसी च्वाईस सेंटर या संस्था में स्थापित अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र में उपस्थित होकर किया जा सकता है।

### रसोइया संघ की बैठक तहसील कार्यालय में आयोजित होगी कल

दुर्गूकोंदल। छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन रसोइया संयुक्त संघ की ब्लाक स्तरीय विशेष बैठक का आयोजन शुक्रवार 13 जून को 12 बजे तहसील कार्यालय के सामने रखा गया है। बैठक में विशेष रूप से जून माह का वेतन नहीं मिलने के कारण मध्यान्ह भोजन नहीं बनाने का निर्णय प्रदेश स्तर पर लिया गया है। 16 जून को जगदलपुर में होने वाले रैली एवं धरना प्रदर्शन में समस्त रसोइयों को बड़ी संख्या में भाग लेने पर चर्चा किया जाएगा। यह जानकारी ब्लाक सचिव घनश्याम बघेल ने दी।

### अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर दी जान

कांकेर। कांकेर थानांतर्गत 38 वर्षीय अमजद खान ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पांडरवाही निवासी धरमराज कोर्राम ने पुलिस को बताया कि अमजद खान ने 10 जून को निर्माणाधीन मकान में हरा रंग के नायलोन रस्सी बांधकर फांसी लगा लिया। फांसी लगाने के कारणो का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत मुदवेंडी में पहुंचा बिजली

## सड़क, बिजली, पानी के पहुंच से मुदवेंडी गांव का हो रहा है तेजी से विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दृढ़ इच्छा शक्ति और विकास के परिकल्पना बीजापुर में साकार होते नजर आ रहे हैं। वर्षो से माओवाद का दंश झेल रहे गांव अब सुशासन के सूर्योदय से प्रकाशित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री के नियद नेल्लानार योजना के तहत तीव्र गति से विकास हो रहा है। सड़क, बिजली, पानी सहित विभिन्न बुनियादि सुविधाएं एवं अद्योसंरचना से सुरक्षा और विश्वास के साथ हो रहे विकास से ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई देने लगा है। ऐसे ही एक गांव मुदवेंडी जो जिला मुख्यालय से 35-40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जहां कुल 45 परिवार निवास करते हैं, वहां सड़क, शुद्ध पेयजल के बाद अब बिजली पहुंच चुकी है।

माओवाद के दहशत और घनघोर अंधेरे को नियद नेल्लानार और विष्णु के सुशासन से नया सवेरा मिला। बच्चे अब निश्चित होकर स्कूल जा रहे हैं। उनके पढ़ाई-लिखाई सहित ग्रामीणों के दैनिक जीवन में परिवर्तन आ गया है। बिजली के आने से अब अंधेरा मिटा है वहीं रात्रि में भी घरेलू कार्य करने में सुविधा हो रही है।







### गांव में खुशी का माहौल

ग्रामीण हुरा कुंजाम बताते है कि गांव में वर्षो बाद बिजली पहुंची है जिससे ग्रामीणों को बहुत सुविधा हुई नियद नेल्लानार योजना के तहत गांव में वर्षो से बंद स्कूल का पुनः संचालन हो रहा है जिससे एक पीढ़ी के बाद गांव के बच्चे मुदवेंडी गांव में स्कूल में पढ़ रहे हैं। बिजली, पहुंचने से रात को अब बच्चे आसानी से पढ़ सकते हैं। वहीं रात के अंधेरे में अब सांप, बिच्छू एवं जंगली जानवरों का भय कम हुआ है। इस पहल के लिए हूरा कुंजाम ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह लखमा कुंजाम ने बिजली पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बिजली आने से अब गांव में खुशी का माहौल है।

## एसएडीओ ने कहा- हमने नगद जमा किया उपसंचालक को

# अंशदान की राशि की पावती को लेकर अधिकारी ने साधी चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कृषक अंशदान राशि का विभाग ने जो बंदर बांट किया वह अब अधिकारियों के लिए गले की फांस बन गई है। कृषि विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नलकूप खनन का कार्य करवाया जिसमें विभागीय राशि तो नलकूप खनन कर्ताओं को आरटीजीएस के माध्यम से कर दी गयी जिसका प्रमाण विभाग के पास है लेकिन कृषक अंशदान जो कृषकों ने विभाग को नगद के रूप में दिया उस भुगतान में गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही। इसे लेकर हरिभूमि संवाददाता ने उपसंचालक सूरज पंसारे से नलकूप खनन कर्ताओं को अंशदान की राशि 26000 रुपए प्रति यूनिट की दर से नगद भुगतान किए जाने की पावती मांगे जाने पर उन्होंने चुप्पी साध ली। वहीं विभागीय अधिकारियों की माने तो कृषक अंशदान की राशि एसएडीओ ने उपसंचालक को नगद सौंप दी। कृषकों से प्राप्त अंशदान की राशि की पावती विभाग ने कृषकों को दे दी है लेकिन इसी राशि को विभाग ने नलकूप खननकर्ताओं को नगद देने की बात कह रहे हैं लेकिन इस संबंध में कोई विधिवत प्रमाण प्रस्तुत करने को लेकर अधिकारी तैयार नहीं है।



कृषक अंशदान की राशि का विभाग ने किया बंदरबाट

नलकूप खनन व प्रतिस्थापन कार्य में गड़बड़झाला

### खनन कर्ताओं ने कहा हम देख कर बताएंगे

वर्ष 2023-24 में डीएमएफ मद से कृषि विभाग द्वारा कराए गए नलकूप खनन एवं पंप प्रतिस्थापन कार्य मे खनन ठेकेदारों से देयकों के भुगतान राशि के बारे में महावीर बोरवेल्स अंबिकापुर के आकाश अग्रवाल तथा एक अन्य ठेकेदार विजिट दत्ता से मोबाइल में यह पूछने पर की विभाग द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से कितनी राशि और अंशदान के रूप में कितनी राशि प्राप्त हुई तो उन्होंने कहा हम देख कर बताएंगे ।

### जानकारी उपसंचालक देंगे

नलकूप खनन के लिए कृषक अंशदान राशि 26000 रुपए नगद लेकर हमने उपसंचालक को दे दिया इसके बाद की जानकारी उपसंचालक बताएंगे।

**परीक्षित मांडवी**
एसएडीओ दंतेवाड़ा

### पावती दी जाती है


बोर की स्वीकृति हो जाने के बाद कृषक स्वयं ऑफिस आकर अपना अंशदान राशि जमा करते हैं जिसकी पावती दी जाती है नलकूप खनन प्रति यूनिट 26000 रुपए की राशि कृषकों ने जमा किया है।

**आरएस नेताम**
एसएडीओ गीदम

## रीपा और गोठानों में निर्मित भवनों के बेहतर उपयोग की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रीपा (राजीव गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क) योजना के अंतर्गत एवं गोठानों में निर्मित भवनों, शेड्स और मशीनी संसाधनों की दुर्दशा को लेकर विधायक लखेश्वर बघेल ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र के माध्यम से इन संसाधनों का लोकहित में पुनः उपयोग सुनिश्चित करने की मांग की है।



■ विधायक लखेश्वर बघेल ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

विधायक बघेल ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि बस्तर जिले के विभिन्न ग्रामों में राज्य सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से रीपा केंद्र और गोठानों में भवन, शेड्स तथा मशीनी उपकरण स्थापित किए गए थे, जिनका उद्देश्य ग्रामीण महिला-पुरुषों को रोजगार उपलब्ध कराना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना था। लेकिन वर्तमान में इन संसाधनों का कोई उपयोग नहीं हो रहा है। परिणामस्वरूप ये भवन व उपकरण जर्जर होते जा रहे हैं, और सार्वजनिक धन की बर्बादी हो रही है।

उन्होंने कहा कि पहले जिन संसाधनों से सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को रोजगार मिला था, वे अब वीरान पड़े हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि सरकारी योजनाओं की उपयोगिता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।

विधायक ने मांग की है कि इन भवनों और मशीनरी को पुनः उसी स्थान पर सक्रिय किया जाए या आवश्यकता अनुसार अन्य स्थानों पर स्थापित कर स्वरोजगार के अवसर फिर से सृजित किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से यह भी कहा कि आदिवासी बाहुल्य बस्तर क्षेत्र में रोजगार के अवसर सीमित हैं, ऐसे में इन संसाधनों का सही दिशा में दोबारा उपयोग नितांत आवश्यक है। उन्होंने अपने पत्र में सरकार से आग्रह किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इन बंद पड़ी योजनाओं को पुनर्जीवित कर स्थानीय युवाओं और महिलाओं को फिर से स्वरोजगार से जोड़ा जाए, जिससे वे आर्थिक रूप से सक्षम बन सकें और सरकार के उद्देश्य भी सार्थक सिद्ध हो सकें।



# खेल दिवस पर हुए विविध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए अन्तर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर के नेतृत्व व परियोजना अधिकारी भोपालपटनम, यूनिसेफ और विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के मार्गदर्शन में जिले के भोपालपट्टनम ब्लाक के ग्राम पंचायत गोटाईगुडा में 11 जून को पालकों व बच्चों के साथ ग्राम स्तरीय विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इसी के तहत ग्राम पंचायत गोटाईगुडा में सरपंच अनीता गोटा और विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के जिला समन्वयक जगत मलहोत्रा की उपस्थिति में विभिन्न प्रकार के खेल जैसे फुगडी, बोरा दौड़, मेढ़क दौड़, चमच्च दौड़, रस्सा खिंच, कुर्सी दौड़ आदि खेलों का आयोजन किया गया बच्चों के समग्र विकास में खेलों की भूमिका पर चर्चा के दौरान पालकों ने कहा कि अब हम प्रतिदिन बच्चों के साथ खेलेंगे जिससे उनके समग्र विकास में मदद मिलेगी ।

इस अवसर पर के सरपंच अनीता गोटा ने भविष्य में भी बच्चों और पालकों के साथ इस प्रकार से खेल अयोजित करने की बात कही, जिससे बच्चों और पालकों के बीच भावनात्मक बंधन को मजबूत होगा। इस अवसर पर पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता एवम सहायिका उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में पालकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# युक्तियुक्तकरण बंद करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर शिक्षा विभाग में चल रहे युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग को लेकर आज बस्तर जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश फूटा।

■ बस्तर बीईओ कार्यालय का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन

पूर्व विधायक चंदन कश्यप के नेतृत्व में बस्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और भानपुरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से बस्तर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए शिक्षा विभाग की नीतियों पर नाराजगी जताई और युक्तियुक्तकरण के कारण ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में शालाओं के समापन तथा शिक्षकों की मनमानी पदस्थापना को शिक्षा के अधिकार के खिलाफ बताया। विरोध के उपरांत कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने बस्तर तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार जॉली जेम्स को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को अविलंब बंद करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि यह प्रक्रिया शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित कर रही है और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। इस अवसर पर प्रेमशंकर शुक्ला, चंपा ठाकुर, अंचल बाजपेयी, गणेश बघेल, देवकी भद्रे, शोभा मारखंडे,हेमराज बघेल, मानसिंह कवासी, लखेश्वर कश्यप, बैधनाथ मौर्य, फुलसिंग बघेल, नरसिंग नागेश, बबलू बघेल, सीताराम, नानू कश्यप, धर्मा पाड़ी, डमरू बघेल, जयंती नेताम, भागरथी, हुशेंन खान,ब्लॉक अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के पदाधिकारी शामिल रहे।

## विशेषज्ञों ने दी खेती के उन्नत तकनीकों की जानकारी

सुकमा। देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान तहत ग्राम पंचायत कोर्रे, रोकेल, मूर्रपाल, बंजामगुड़ा एवं परिया में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम स्थलों में ग्रामीण महिला एवं पुरुष कृषकों के साथ-साथ कृषि सखियों ने भाग लेकर कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से खेती की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। विकासखण्ड छिंदगढ़ में जिले के उपसंचालक कृषि पी.आर. बघेल, मछली पालन विभाग के डॉ. उदय सवनक,सोमड़ी पोडियामी (जनपद सदस्य),सा. यादव (जिला सदस्य), कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख एच.एस. तोमर तथा डॉ. परमानंद व डॉ. जितेश कुमार बघेल, विकासखण्ड सुकमा में डॉ. संजय सिंह राठौर व भीम कुमार जायसवाल एवं विकासखण्ड कोंटा में आर. पी. कश्यप व कैलाश कुमार मरकाम ने मरहान जमींन में धान के जगह उपयुक्त फसल कोदो, रागी व कुटकी जैसे मोटे अनाजों की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया एवं खरीफ फसलों की आधुनिक तकनीक जैसे उन्नत किस्म, बीजोपचार, पादप हार्मोन का उपयोग, समन्वित खरपतवार, खाद, उर्वरक, सिंचाई कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी, कृषि यंत्रों का उपयोग तथा पशुपालन एवं मछली पालन के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

जिलों में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| जगदलपुर शहर | 5 पद | योग्यता 12 से स्नातक |
| कोण्डागांव शहर | 5 पद | |
| केशकाल शहर | 2 पद | वेतन 10000/- |
| कांकेर शहर | 3 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो जगदलपुर शहर, कोण्डागांव शहर, केशकाल शहर, कांकेर शहर क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें। जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

Resume Whatsapp करें 9098324969

जगदलपुर - 9098324969
कोण्डागांव - 9098324969
केशकाल - 9098324969
कांकेर - 7000955574

हरिभूमि
कार्यालय
धमतरी रोड,
टिकरापारा, रायपुर
(छत्तीसगढ़)

# सरकार नहीं चाहती ग्रामीण इलाकों के बच्चों का भविष्य बने : गणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छू लो आसमान कोचिंग संस्था में कक्षा 9वीं में फिर से प्रवेश प्रारंभ करने युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा के नेतृत्व में युवा कांग्रेसियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए गणेश ने बताया कि इस वर्ष से कक्षा 9वीं को बंद किया जा रहा है वही अगले वर्ष दसवीं कक्षा बंद करने की योजना बनाई जा रही है। जेईई एवं नीट परीक्षा के लिए कक्षा 9वीं से अध्यापन शुरू होता है जो इस संस्था से संभव हो पाया है। गणेश ने बताया कि छू लो आसमान संस्था लगातार कई वर्षों से उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दे रहा है। आर्थिक समस्या से जूझ रहे ग्रामीण बच्चों के लिए छू लो आसमान संस्था मिल का पत्थर साबित हुआ है। इस संस्था में कक्षा 9वीं के प्रवेश बंद होने से ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में चला जाएगा। सरकार इन दो सालों में सिर्फ अपने फायदे के लिए काम कर रही है। जिलाध्यक्ष दुर्गा ने कहा कि वहीं कई सालों से अथिति शिक्षक के रूप में सेवा दे रहे शिक्षकों अंकों के अभाव में हटाया जा रह है, जो गलत है। युवा कांग्रेस विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ हो रहे इस गलत व्यव्हार को बर्दाश्त नहीं करेगा, ज़रूरत पड़ी तो जल्द ही शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर जिले की वस्तुस्थिति से उन्हें अवगत कराया जाएगा। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विमल सलाम, अजय मरकाम, अनिल गावडे, आकाश विश्वाश, भोलू यादव, इंद्र गावडे, आयुष यादव, उमेश राणा, पिंटू चोवार्य सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।



### नाम परिवर्तन

मैं मुन्नालाल मरकाम पिता स्व. अर्जुन मरकाम उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम गंजेनार तह. बड़े बचेली जिला दन्तेवाड़ा छ.ग. पिन न. 494552 शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ।

1. यह कि मेरा पुत्र येशान्त कुमार मरकाम (**YESHANT KUMAR MARKAM S/O MUNNALAL MARKAM**) के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 6959 1611 7292 में पुत्र का नाम एशांत मरकाम पिता मुन्ना मरकाम एवं जन्मतिथि 01/01/2009 अंकित है जो कि गलत एवं त्रुटिपूर्ण है।
2. यह कि मेरा पुत्र का वास्तविक व सही नाम येशान्त कुमार मरकाम पिता मुन्नालाल मरकाम (**YESHANT KUMAR MARKAM S/O MUNNALAL MARKAM**) एवं जन्मतिथि 04/04/2012 है जो सत्य एवं सही है, एवं मेरा पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र में दर्ज नाम से प्रमाणित है।
3. यह कि मेरा पुत्र उक्त आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम एशांत मरकाम पिता मुन्ना मरकाम (**Eshant Markam S/o Munna Markam**) एवं जन्मतिथि 01/01/2009 के स्थान पर वास्तविक एवं सही नाम येशान्त कुमार मरकाम पिता मुन्नालाल मरकाम (**YESHANT KUMAR MARKAM S/O MUNNALAL MARKAM**) एवं जन्मतिथि 04/04/2012 सुधार कर अंकित किया जावें।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र में मेरा पुत्र येशान्त कुमार मरकाम पिता मुन्नालाल मरकाम (**YESHANT KUMAR MARKAM S/O MUNNALAL MARKAM**) का नाम एवं जन्मतिथि आधार कार्ड में सुधार करने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

सत्यापनः-

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है सत्यापन आज दिनांक 09/06/2025 को स्थान दन्तेवाड़ा में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ता**

### शपथ पत्र

मैं श्रीमती मोनिका पाण्डे पति श्री राजकुमार पाण्डे जाति ब्राह्मण निवासी 24 बड़े पारा 2, ग्राम बालेंगा तह. बस्तर जिला बस्तर छ.ग. निम्न कथन करती हूॅः-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते कि निवासी हूॅ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 2821 0816 9825 पर नाम अनुस्का पाण्डे/ **ANUSKA PANDEY** दर्ज किया गया है जो कि गलत है।
3. यह कि मेरे मतदाता परिचय पत्र में नाम श्रीमती मोनिका पाण्डे/ पांडे/ **MONIKA PANDEY** दर्ज है, जो कि सत्य व सही है।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र आधार कार्ड में नाम सुधार कर मतदाता परिचय पत्र अनुसार वास्तविक व सही नाम श्रीमती मोनिका पांडे/ **SMT. MONIKA PANDEY** दर्ज करवाने बाबत् प्रस्तुत है।

सत्यापन

मैं शपथकर्ता सत्यापित करती हूॅ कंडिका 1 से 4 सत्य व सही है।

**मोनिका पाण्डे**
**शपथकर्ता**

## खबर संक्षेप

### विवि और कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया 16 जून से

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के यूटीडी और सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा प्रोग्राम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया 16 जून से प्रारंभ होगी। विवि यूटीडी और कॉलेजों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन फार्म भरे जाएंगे। इसकी तारीख शीघ्र जारी कर दी जाएगी। सत्र 2025-26 के लिए छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार प्रथम सेमेस्टर में रेगुलर विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया 16 जून से 31 जुलाई तक चलेगी। कुलपति की अनुमति से 14 अगस्त तक प्रवेश लिए जा सकेंगे। स्वाध्यायी (प्राइवेट) स्टूडेंट्स का पंजीयन 31 अगस्त तक होगा।शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार अन्य कक्षाओं सेमेस्टरों में प्रवेश इनके परीक्षा परिणाम घोषित होने के 10 दिनों बाद तक लिया जाएगा। प्रवेशित विद्यार्थियों की कक्षाएं एक जुलाई से प्रारंभ होगी।

### सिविल अस्पताल के शौचालय में नवजात शिशु का शव बरामद

**पखांजूर।** सिविल अस्पताल के शौचालय में एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ है। इस मामले में पखांजूर थाने में शिकायत किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें अस्पताल के बाथरूम में नवजात शिशु का शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और शिशु के माता पिता की तलाश किया जा रहा है। बीएमओ डॉ. दिलीप कुमार सिन्हा से बात करने पर बताया कि हॉस्पिटल का सीसी कैमरा देखा गया, परंतु सीसी कैमरा से नवजात के माता-पिता की पुष्टि नहीं हो पा रही है।

### साढ़े सात लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया कोचिया

**कांकेर।** दुधावा चौकी पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए साल्हेटोला निवासी केशव प्रसाद तिवारी के कब्जें से भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब को जब्त किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली था कि आरोपी अपने घर में हाथ भट्टी से बना हुआ महुआ शराब को रखा हुआ है। बेचने के लिए ग्राहक की तालाश में है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने छापामार कार्यवाही किया।

## मद्दी का आत्मीय स्वागत...





**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीनिवास राव मद्दी के प्रथम नगर आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। शहर के प्रवेश द्वारा आसना से लेकर नगर के सभी प्रमुख चौक चौराहों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया। नई जिम्मेदारियों के साथ नगर पहुंचे मद्दी के साथ सांसद बस्तर महेश कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे सहित कई दिग्गज भाजपाई वाहन पर सवार होकर लोगो का अभिवादन स्वीकार किया। ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ लोक नर्तक दल उनके विशाल रैली में शामिल थे। प्रमुख चौराहों पर उन्हें कहीं केले तो कहीं लड्डुओं से तौला गया।

## बिजली के तार से झुलसे निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पालिका निगम द्वारा आवासीय व समस्त व्यावसायिक भवनों की मापजोख करते समय मंगलवार को विजयवार्ड स्थित कृष्ण मंदिर स्कूल के पीछे मकान की छत में बिजली के तार के संपर्क में आने से नगर पालिका निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक संतोष बघेल घायल हो गए। जिन्हें बेहतर उपचार के लिए महारानी अस्पताल के बर्न यूनिट में उपचार के लिए भर्ती है। चिक्तिसको ने अभी उनकी हालत खतरे से बाहर बताया है। घटना की जानकारी मिलते ही राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा,नगर पालिका निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा एवं राजस्व अधिकारी विनय श्रीवास्तव महारानी अस्पताल पहुंचकर नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक देखने पहुंचे और बेहतर उपचार करने के लिए डॉक्टर को कहा गया। महापौर संजय पांडे ने शीघ्र स्वस्थ होने भगवान से कामना की है।

■ आवासीय व व्यावसायिक भवनों की नापजोख के समय हादसा

राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा नगर निगम के समस्त सहायक राजस्व निरीक्षक व कर्मचारियों के सहयोग से आवासीय व समस्त व्यावसायिक भवनों के नामजोख किया जा रहा है। भारी बरसात में भी हमारे कर्मचारी दिन रात अपने कामों में लगे हुए हैं। मैं सहायक राजस्व निरीक्षक लोकेश यादव को धन्यवाद दूंगा जिन्होंने घटना होने के तुरंत बाद अपने गाड़ी में बैठाकर अस्पताल पहुंचाया और बेहतर इलाज करवाया। 01 साल पहले ही अनुकंपा नियुक्ति पर आये संतोष बघेल नगर निगम में कार्यरत है। अस्पताल पहुंचने वालों में तेजबहादुर नेगी, नागेंद्र रणदेवे, हृदयानन्द मिश्रा सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### 25 जून तक अनसर काल में प्रभु जगन्नाथ के नहीं होगें दर्शन

# देवस्नान चंदन जात्रा पूजा विधान के साथ बस्तर गोंचा पर्व का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बस्तर गोंचा पर्व में देव स्नान चंदन जात्रा पूजा विधान 11 जून को 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के उमाशंकर पाढ़ी एवं राधाकांत पाणिग्राही के नेतृत्व में संपन्न करवाया गया। परंपरानुसार ग्राम आसना से महेंद्र जोशी के निवास में स्थापित भगवान शालीग्राम को लाकर श्रीजगन्नाथ मंदिर में स्थापित किया गया, तत्पश्चात 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के ब्राह्मणों द्वारा इंद्रावती नदी से पवित्र जल लाकर शताब्दियों पुरानी परंपरानुसार भगवान शालीग्राम का पंचामृत, चंदन एवं इंद्रावती नदी के पवित्र जल से अभिषेक कर विधि-विधान से देव स्नान पूर्णिमा चंदन जात्रा पूजा विधान संपन्न किया गया। भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा एवं बलभद्र के 22 विग्रहों को मुक्ति मंडप में स्थापित किया किया गया। विग्रहों को मुक्ति मंडप में स्थापित किये जाने के साथ ही भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी का अनसर काल 12 जून से प्रारंभ होकर 25 जून तक जारी रहेगा, इस दौरान दर्शन वर्जित होगा।

360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने बताया कि 26 जून को नेत्रोत्सव पूजा विधान के साथ प्रभु जगन्नाथ के दर्शन होंगे, 27 जून को श्रीगोंचा रथ यात्रा पूजा विधान के साथ ही भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी जनकपुरी सिरहासार भवन में नौ दिनों तक श्रृद्धालुओं के दर्शनार्थ स्थापित होगें, इस दौरान समस्त श्रृद्धालुओं को पुण्य लाभ का पावन अवसर प्राप्त होगा ।

बस्तर गोंचा समिति के अध्यक्ष चिंतामणी पांडें ने बताया कि 26 जून को नेत्रोत्सव पूजा विधान के साथ भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा एवं बलभद्र के दर्शन लाभ श्रृद्धालुओं को श्रीमंदिर के बाहर होगें। 30 जून को प्रातः 10 बजे से अखण्ड रामायण पाठ प्रारंभ होगा, 1 जुलाई को हेरा पंचमी पूजा विधान होगा, 2 जुलाई छप्पन भोग अर्पण, 4 जुलाई सामूहिक उपनयन संस्कार, 5 जुलाई बाहुड़ा गोन्या रथ यात्रा एवं कपाट फेड़ा पूजा विधान होगा, 6 जुलाई देवशयनी एकादशी के साथ बस्तर गोंचा पर्व संपन्न होगा 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के क्षेत्रिय अध्यक्ष विवेक पांड़े ने बताया कि 15 दिनों के अनसर काल में 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के सेवादारों एवं पंडितों के द्वारा किया जायेगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान देवशंकर पंडा, जीवेंद्र पाण्डे, धनेश्वर जोशी, संतोष पात्र, पूर्व अध्यक्ष हेमंत पाण्डे, महेश पाण्डे, रविन्द्र पाण्डे, रजनीश पाणिग्राही, सुदर्शन पाणिग्राही, नरेंद्र पाणिग्राही, वेणुधर पाणिग्राही, वैभव पाण्डे, ईश्वर पाणिग्राही, आशु आचार्य, गजेंद्र पाणिग्राही, बीम्भाधर पाण्डे, बनमाली पाणिग्राही, दिनेश पाण्डे, महेश्वरी पाण्डे, डाकेश्वरी पाण्डे, प्रशांत पाणिग्राही, आत्मा राम जोशी, पुरषोत्तम जोशी, कंचन आचार्य, महेंद्र पाढ़ी, कैलाश पाण्डे, जगबंधु जोशी, दीनदयाल जोशी, सरिता जोशी, सुनीता पाण्डे, विजय पाण्डे, दयमंती पाणिग्राही, रंभा पाण्डे, अजय जोशी, किशोर पाण्डे, मोहन जोशी, उदयनाथ पाणिग्राही, नुरनेश पाणिग्राही सहित श्रद्धालु एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

## निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन को मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के जगदलपुर नगर की प्रसिद्ध समाज सेवी संस्था निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन को रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रांत से समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुण्य श्लोका रानी अहिल्या बाई होलकर सम्मान से सम्मानित किया गया है। निशा नागवंशी और झरना मोहंती को यह सम्मान उदय चेरिटेबल वेलफेयर फाउंडेशन रायपुर द्वारा 9 जून को प्रदान किया है। सम्मान पर कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अपना पूरा जीवन समाज और लोक कल्याण के समर्पित कर दिया, आज सभी उनके सेवा भाव से ही प्रेरित हैं यह सम्मान प्राप्त करना हमारे संस्था के लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

## सिविक एक्शन प्रोग्राम में ग्रामीण बच्चों को दिए खेल सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्ग दर्शन में बस्तर जिले के चौकी पखनार थाना दरभा क्षेत्रान्तर्गत सुदूर ग्राम कलेपाल में सिविक एक्शन की प्रोग्राम एवं ग्रामीणों के लिए वन भोज का आयोजन किया गया।

■ बस्तर पुलिस ने नशामुक्ति एवं साइबर अपराध की जानकारी देकर किया जागरूक

इस दौरान ग्राम कलेपाल के लगभग 300 ग्रामीण जिसमें महिला, बच्चे एवं बुजुर्ग भी उपस्थित हुऐ जिन्हें बस्तर पुलिस द्वारा नक्सलवाद उन्मुलन, साइबर अपराध, डिजिटल साइबर अरेस्ट संबंधित फॉर्ड, महिला एवं बच्चों से जुडे अपराध, बच्चों के शिक्षा संबंधित अधिकार, बच्चों को गुड टच बेड टच कि जानकारी, यातायात जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान संबंधि आवश्यक जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

इसके अलावा ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं को दूर करने हेतु जानकारी प्राप्त की गई एवं जल्द ही समस्याओं का निराकरण हेतु आश्वासन ग्रामीणों को दिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कलेपाल के नागरीको को स्माट एलईडी टीवी एवं डीटीएच सेट एवं क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबाल, कैरम बोर्ड खेल सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों से नक्सलवाद की समस्या के विरूद्ध एकजुट रहने एवं गांव को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने अपील की गई।

कार्यक्रम में अभिजीत भदौरिया रक्षित निरीक्षक जगदलपुर, चाणक्य नाग निरीक्षक थाना दरभा, राजेश कुमार राठौर निरीक्षक चौकी पखनार, उप निरीक्षक अरूण मरकाम थाना दरभा एवं चौकी पखनार थाना दरभा तथा रक्षित केन्द्र के अधिकारी, कर्मचारी का बल एवं ग्राम कलेपाल के सरपंच, सन्नी पोडियामी, उप सरपंच मंगलू पोडियामी, पंच, गायता पुजारी पटेल, सहित लगभग 300 ग्रामीण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सिविक एक्शन कार्यक्रम से कलेपाल के स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह एवं सहयोग दिखाई दिया है एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की।



## मोहल्लों में जागरूक कर रक्तदान करने प्रेरित व लिया शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर एस. हरीश के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के मार्गदर्शन में विश्व रक्तदाता दिवस के थीम पर रक्त दान जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जगदलपुर शहरी क्षेत्र अंतर्गत किया गया। जिला शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी यूपीएससी एवं यूआआएम के अलावा सुबह पीजी कॉलेज ग्राउंड पार्कों, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर लालबाग, 5 वीं बटालियन परपा एवं होम गार्ड कैम हाटकचोरा, के अलावा सार्वजनिक स्थान जैसे बिनाका मॉल, विशाल मेगा मार्ट, गली मोहल्लों में जागरूक कर रक्तदान करने हेतु प्रेरित कर शपथ लिया गया और 115 रक्तदान फार्म भरवाया गया।

आगामी 14 जून को रक्तदान हेतु प्रेरित लोगों को रक्त दान करने हेतु महारानी अस्पताल आने की सलाह दी गई। इस कार्यक्रम में प्रमुख तौर पर शहरी क्षेत्र के समस्त स्टाफ अलावा नरेश मरकाम, सुन्दर मरकाम, वर्षा नामदेव, मनीष खाखा, हेमो बघेल, पीला राम, मोहन कश्यप, कमलवती, तामेश्वरी मरावी, रजनी, मुकेश्वरी, अमित पटेल, शहरी एमटी सोनमनी, निलू ठाकुर, के अलावा वार्ड के मितानिन शामिल थे।

# शहीद एएसपी को नम आखों से दी श्रद्धाजंलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा के कोंटा में आईईडी विस्फोट में शहीद एएसपी आकाश राव गिरपूंजे को अमर जवान वाटिका में सांसद, विधायक समेत अफसरों ने नम आखों से श्रद्धाजंलि दी। श्रद्धाजंलि शुरू होते ही जमकर बारिश होने लगा बावजूद सांसद महेश कश्यप, विधायक व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, भाजपा नेता व पार्षद संग्राम सिंह राणा के अलावा पुलिस व प्रशासन के अधिकारी व जवानों ने शहीद आकाश राव गिरपुंजे के तैल चित्र पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया।

■ अमर वाटिका में आकाश को श्रद्धाजंलि के दौरान जमकर हुई बारिश

■ आकाश राव अमर रहे के नारे से गूंजता रहा अमर जवान वाटिका





विधायक किरण देव ने कहा कि यह घटना बेहद दुःखद है और दुख इस घड़ी में हम सब स्वर्गीय आकाश गिरपुंज के परिवारों के साथ खड़े हैं उन्होंने कहा कि शहीद श्री गिरपुंजे की वीरता और देशभक्ति को सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह क्षति केवल पुलिस विभाग की नही वरन पूरे प्रदेश के आम लोगों को भी हुई है।

आईजी सुंदरराज पी ने इस अवसर घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई से नक्सलियों का नेतृत्व पूरी तरह खत्म हो चुका है बौखलाहट में नक्सली इस तरह की कायराना हरकत को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई से नक्सली निर्दोष ग्रामीणों को आईईडी का शिकार बना रहे हैं। लेकिन नक्सलियों की कायराना हरकतों से सुरक्षा बल के मनोबल पर विपरीत असर नहीं पड़ेगा बल्कि सुरक्षा बल शहीद आकाश राव गिरपूंजे के बलिदान से प्रेरणा लेकर दोगुने उत्साह के साथ माओवादियों के खात्मा के लिए अभियान चलाएंगे। एसपी एसपी बस्तर शलभ सिन्हा ने कहा कि हमारे अफसर की शहादत व्यर्थ नही जाएगी बस्तर से हर हाल में नक्सलवाद का खात्मा कर शातिं स्थापित किया जाएगा।

शहीद एएसपी को अमर जवान वाटिका में श्रद्धाजंलि देने के दौरान जमकर बारिश हुई बावजूद पानी में भीगते हुए जनप्रतिनिधियों, जवानों व अफसरों ने शहीद आकाश को नमन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही जिन्होने शहीद आकाश को नम आखों से श्रद्धाजंलि दी। इस दौरान आकाश अमर रहे के नारे से अमर वाटिका गूंजता रहा।

